# हायर स्कूल सर्टिफिकेट (HSC) न्यूनतम मानक (स्तर)

## माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी

प्रिय माता-पिता और देखभालकर्ता

NSW शिक्षा मानक प्राधिकरण (NSW Education Standards Authority (NESA)) द्वारा हायर स्कूल सर्टिफिकेट (HSC) न्यूनतम मानक नीति की शुरूआत किए जाने का अर्थ है कि NSW में छात्रों को अपने हायर स्कूल सर्टिफिकेट (HSC) क्रेडेंशियल प्राप्त करने के लिए साक्षरता (लिटरेसी) और संख्यात्मकता (न्यूमरेसी) के न्यूनतम मानक का प्रदर्शन करने की आवश्यकता है।

छात्र रीडिंग, राइटिंग और न्यूमरेसी के तीन क्षेत्रों में HSC न्यूनतम मानक टेस्ट देंगे। प्रत्येक ऑनलाइन परीक्षा की लंबाई 45 मिनट है और इसकी संरचना इस प्रकार है:

- रीडिंग के लिए मल्टीपल-च्वाइस टेस्ट
- न्यूमरेसी के लिए मल्टीपल-च्वाइस टेस्ट; और
- लिखित या विज़ुअल प्राम्प्ट पर आधारित राइटिंग के लिए एक टेस्ट (अधिकतम 500 शब्द)

HSC न्यूनतम मानक प्राप्त करने के लिए छात्रों को तीनों टेस्ट क्षेत्रों में लेवल 3 या 4 प्राप्त करने की आवश्यकता है। इसका मतलब यह है कि मानक प्रदर्शित करने वाले छात्रों के पास काम और आगे की पढ़ाई के लिए रोजमर्रा की जिंदगी में उपयोग किए जाने वाले बुनियादी कार्यात्मक कौशल हैं।

कक्षा 10 से लेकर कक्षा 12 के अंत तक, ये ऑनलाइन टेस्ट देने के लिए छात्रों के पास हर साल कई अवसर होते हैं। प्रत्येक टेस्ट को फिर से देने के बीच प्रतीक्षा अवधियाँ होती हैं।

HSC न्यूनतम मानक को पूरा करने के लिए छात्रों को स्कूल द्वारा समर्थित किया जाएगा। स्कूल के पास आभ्यासिक टेस्ट उपलब्ध हैं और NESA की वेबसाइट पर प्रदर्शनीय सवाल ऑनलाइन उपलब्ध हैं: https://educationstandards.nsw.edu.au/wps/portal/nesa/11-12/hsc/hsc-minimum-standard/online-tests

यदि आप अधिक जानकारी चाहते/ती हैं तो कृपया स्कूल से संपर्क करें।

अगर आपको लगता है कि आपकी संतान की अतिरिक्त ज़रूरतें हैं और वह HSC न्यूनतम मानक टेस्टों के लिए अतिरिक्त प्रावधानों के लिए पात्र है, तो कृपया नीचे बताए गए स्कूल संपर्क व्यक्ति को फोन करें:

स्कूल संपर्क व्यक्ति का नाम

स्कूल संपर्क व्यक्ति का फोन नम्बर

आपका/की भवदीय

प्रिंसिपल

स्कूल का नाम

### टेलीफोन दुभाषिया सेवा

यदि आपको स्कूल से संपर्क करने में सहायता के लिए एक दुभाषिया की आवश्यकता है, तो कृपया टेलीफोन दुभाषिया सेवा (Telephone Interpreter Service) को 131 450 पर कॉल करें और अपनी भाषा में दुभाषिए की मांग करें। ऑपरेटर को वह फ़ोन नंबर बताएं जिसपर आप कॉल करना चाहते/ती हैं और ऑपरेटर बातचीत में आपकी सहायता के लिए दुभाषिए को कॉल पर जोड़ेगा। इस सेवा के लिए आपसे शुल्क नहीं लिया जाएगा।